बहनें

वीनस तथा सरीना विलियम्स की जीवनी

लेखन व चित्रः जैनेट विन्टर

भाषान्तरः पूर्वा याज्ञिक कुशवाहा

वीनस एबनी स्टार विलियम्स
तथा
सरीना जमेका विलियम्स
पाँच बेटियों व माता-पिता के परिवार की
दो सबसे छोटी बहनें



वीनस अपनी छोटी बहन सरीना को तब पढ़ कर सुनाया करती थी, जब रात बिस्तर पर छा जाती थी। उस बिस्तर पर जो कॉम्पटन, कैलिफोर्निया वाले उनके घर में था।

बाहर अंधेरे में ही, जीवन भोर होने के पहले ही आरंभ हो जाता था।



तब जा कर सूरज बहनों के उनींदे बिस्तर पर आता।

डैडी और ममा अपनी सबसे छोटी बेटियों को टैनिस खिलवाना चाहते थे। उनके भविष्य के बारे में यही उनका सपना था।

डैडी और ममा ने वीनस और सरीना को टैनिस सिखाने की मंशा से खुद टैनिस सीखा था।

सुबह-सुबह डैडी दोनों बहनों को टैनिस कोर्ट में ले जाते, जहाँ कुछ बड़े लड़कों को लगता था कि रात अब भी जारी है।

डैडी लड़कों से कहते कि उनकी लड़कियों को टैनिस का अभ्यास करना है। डैडी की चढ़ी त्यौरियाँ, लड़कों की चढ़ी त्यौरियों से मिलतीं।



तब कोर्ट की सुबह की सफाई करनी पड़ती।
फिर से,
और फिर से
इसके बाद हो पाता अभ्यास
इस्तेमाल की गई गेंदों से
जिनमें कोई उछाल नहीं होती
इस्तेमाल किए गए रैकटों से
जिनमें कोई लचक बाकी न होती।
“मैं किसी कंट्री क्लब में
खेलते हुए बड़ी नहीं हुई,” सरीना बताती हैं।

गेंद को सर्व करना, उसे दूसरे
खिलाड़ी को वापस करना,

गेंद को हवा में उछालना!

फोरहैण्ड (दाहिने हाथ से दाईं तरफ गेंद को मारना), बैकहैण्ड (दाहिने हाथ से बाईं तरफ से वार कराना)।

बारबार!

''ध्यान दो,'' डैडी कहते!

आगे और पीछे, पीछे और आगे
दो छोटी बहने टैनिस का खेल सीखती हैं।



वीनस और सरीना पूरा ध्यान देती हैं,

उसी सड़क पर आगे चल रही बन्दूक की
आवाज़ को न सुनने की कोशिश करती हैं।

मानों वे एक ककून में हों, उनका ध्यान
गेंद पर केन्द्रित रहता है।

लड़के अब उन्हें अभ्यास
करते देखने के लिए रुकते हैं।



बहनों ने उनका ध्यान अपनी ओर खींच लिया
है। और उनका सम्मान भी पा लिया है।

वीनस और सरीना जिस तेज़ी और ज़ोर से गेंद
को पीटती हैं लड़के वाहवाही करने लगते हैं . . .

और अब वे बहनों की सुरक्षा भी करते हैं।

कम होते प्रकाश में अभ्यास के बाद डैडी और दोनों
बहनें घर जाती हैं, अपनी ममा और बहनों के पास।



"अपना गृहकार्य कर लो वीनस।"

"अपना गृहकार्य कर लो सरीना।"

माँ कहती हैं। वे चाहती हैं कि दोनों
बेटियाँ अच्छी शिक्षा भी पाएं।

बहनें माँ की बात सुनती हैं,
पूरे ध्यान से अध्ययन करती हैं।

"जब वीनस हंसती है,

तो मैं उससे भी ज़ोर से हंसती हूँ।

जब वीनस रोती है, मैं उससे भी ज़ोर से रोती हूँ।"
सरीना कहती है।

वे दोनों एक-दूसरे के इतने करीब हैं।



बात फैलती है . . .

दोनों बहने टैनिस की गेंद को ज़ोर से मारती हैं।

दोनों बहनों को नई टैनिस की गेंदे, नए रैकेट, और नए टैनिस कपड़े देने के और टैनिस मैंच खेलने के प्रस्ताव आने लगते हैं।

ममा वीनस की पहली टूरनामेंट के लिए उसकी चोटियाँ गूंथती हैं।

जब वीनस उस खूबसूरत हरे कोर्ट तक आती है,
उसे सफेद चेहरों का समुद्र नज़र आता है।

ध्यान केन्द्रित रखो, वह खुद से कहती है।

भीड़ गायब हो जाती है, ठीक उस तरह जैसे कॉम्पटन
में बंदूक चलने की आवाज़ें गायब हो जाया करती थीं।

वह बॉल को ज़ोर से मारती है।



वीनस जीत जाती है।



तब सरीना अपनी पहली टूरनामेंट खेलती है,
उसके बालों में गुंथे सफेद मनके चमकते हैं।
वीनस दर्शकों के बीच बैठ उसका हौसला बढ़ाती है।



ध्यान केन्द्रित करो, सरीना खुद से कहती है।
सामने बैठी भीड़ मानो गायब हो जाती है।
वह गेंद को जम कर मारती है, पीछे और आगे . . .



तब शुरु होता है ट्रॉफियों को जमा करने का सिलसिला।

ख़बर फैलती है।
एक टैनिस अकादमी दोनों बहनों को उनके परिवार समेत फ्लोरिडा आने को आमंत्रित करती है। वीनस और सरीना ताड़ के पेड़ों के नीचे अभ्यास करती हैं।
वे स्कूल जाती हैं, लौट कर फिर टैनिस का अभ्यास करती हैं। तब स्कूल जाती हैं।

जब तक ममा और डैडी यह नहीं कहते कि
वे बड़ी टूरनामेंटों में खेलने लायक हो गई हैं।



अब वे पहले की नन्हीं बहनें नहीं रहीं,
वीनस और सरीना लम्बी और ताकतवर हैं।



और उनका खेल भी सशक्त है।


PLOCK!


POCK!

एक के बाद एक ईनाम
जमा होते जाते हैं।



ईनामों से कुछ लोग डाह से भर जाते हैं।

पर बहनें ध्यान को बिखरने नहीं देतीं। जीतने पर लोगों की छीः छीः, थू थू पर भी वे ध्यान नहीं देतीं। वे बस जीतती जाती हैं।

वे सचमें ताकतवर हैं।



वे नए तरह के टैनिस वस्त्र और केश सज्जा को अपनाती हैं, जो टैनिस के कोर्ट पर पहले कभी देखे नहीं गए हों।

वीनस अपना व्यापार शुरु करती है और टैनिस खेलने के साथ, टैनिस खेलने वाले कपड़ों को डिज़ाइन करती है।

सरीना टीवी पर अभिनय करती है
फिर भी टैनिस खेलती है।



पर कोई बीमार भी पड़ सकता है।

वीनस को ऐसा रोग होता है जो उसे कमज़ोर बना देता है। इतना कमज़ोर कि वह टैनिस खेल ही ना सके।

वह अपने रोग से जूझती है, उसे हरा कर फिर से टैनिस खेलती है।

सरीना के फेंफड़े में खून का थक्का जम जाता है।

वह इससे लड़ती है और फिर से खेलती है।



दोनों बहनें ज़बरदस्त प्रशिक्षण और अभ्यास करती हैं।

चमकदार गेंद को मारती हैं।

अपने निजी टैनिस कोर्ट में - वे उसी तरह ध्यान केन्द्रित करती हैं, जैसे वे बचपन में करती थीं।

वे खेलना और जीतना जारी रखती हैं।

एक ट्रॉफी के बाद दूसरी ट्रॉफी जीतती हैं।



और जब वे एक-दूसरे के विरुद्ध खेलती हैं,
हज़ारों लोगों के सामने, ध्यान का वह ककून उन्हें आ घेरता है।

लगता है मानों कोर्ट में वे अकेली हैं।
उसी तरह जैसे कॉम्पटन के खस्ताहाल कोर्ट में हुआ करती थीं।
उनका उत्साह आसमान को छूता है - साथ-साथ।

बहनें